# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–09 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या धाम से एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे चरण के तहत वृहद पौधारोपण महाभियान की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेशवासियों से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग अपने अपने घरों में एक एक पौधा लगा कर धरती माता और खुद की मां के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करें।

इससे पहले अयोध्या धाम में पौधारोपण के बाद जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए एक नियोजित और वैज्ञानिक प्रयास के माध्यम से हम पर्यावरण की भी रक्षा कर सकते हैं और मानवता के उज्जवल भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त कर सकते हैं।

***दोनों में संतुलन बना करके जब हम चलेंगे तो उसके परिणाम सामने आएंगे और आज से आठ वर्ष पहले इसी भाव के साथ हम लोगों ने उत्तर प्रदेश में वृक्षारोपण महाभियान के इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया था।***

मुख्यमंत्री ने आजमगढ़ जिले में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और पौधारोपण भी किया।

मुख्यमंत्री आज ही शाम गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने गुरु गोरक्षनाथ की पूजा अर्चना करने के बाद यहां भी पौधारोपण महाभियान में हिस्सा लिया और जनसभा को सम्बोधित भी किया। प्रदेश के अन्य जिलों में भी मंत्रिगण, जनप्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोगों ने पौधारोपण कर के पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

आकाशवाणी गोरखपुर परिसर में भी अभियान के तहत आज अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी गोरखपुर के निदेशक राहुल सिंह और समाचार सम्पादक प्रेम चन्द्र गुप्ता की अगुवाई में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए।

**********

सावन माह में वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं के व्यवस्थित दर्शन पूजन के लिए काशी विश्वनाथ धाम में प्रवेश के लिए पांच रास्तों की व्यवस्था की गई है। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए कुल पांच स्थानों पर चिकित्सकीय टीम की तैनाती की जाएगी। साथ ही एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस का भी इंतजाम रहेगा। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि धाम आने वाले कावड़ यात्रियों के लिए रास्ते में पड़ने वाली पुलिस चौकियों पर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। इन चौकियों पर फर्स्ट एड की भी व्यवस्था रहेगी। गंगा नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

**********

प्रदेश भर में आज से एक माह के लिए बाल स्वास्थ्य पोषण माह की शुरूआत हो गई। इसके तहत नियमित टीकाकरण सत्रों पर पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी। गोरखपुर जिले में एडी हेल्थ डॉ जयंत कुमार, सीएमओ डॉ राजेश झा और जिला महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ जय कुमार ने जिला महिला अस्पताल परिसर में बच्चों को दवा पिला कर अभियान का उद्घाटन किया। एडी हेल्थ ने बताया कि विभिन्न बीमारियों से बचाने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए नौ माह से पांच साल की उम्र तक के बच्चों को नौ बार विटामिन ए की दवा पिलाना अनिवार्य है।

**********

वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण निगरानी संस्था, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल–एफएटीएफ ने कहा है कि भारत में आतंकवादी हमले के लिए सामग्री की खरीद में ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया है। एक रिपोर्ट–

**जम्मू–कश्मीर के पुलवामा और उत्तर प्रदेश के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकवादी हमलों के सिलसिले में यह बात सामने आई। एफएटीएफ ने आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों पर एक व्यापक रिपोर्ट में कहा कि सोशल मीडिया, मैसेजिंग एप्लिकेशन और क्राउडफंडिंग साइट जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग आतंकी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता मुहैया कराने में हो रहा है। इस साल जून में वित्तीय कार्रवाई कार्य बल ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा था कि यह हमला बिना वित्तीय मदद के नहीं हो सकता। दीपेन्द्र और आनंद की रिपोर्ट साथ जया भारती।**

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आज से तीन दिनों तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में भारी वर्षा तथा बिजली गिरने की चेतावनी दी है। विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज और कल कुछ स्थानों पर, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने तथा बारिश की संभावना है। ग्यारह जुलाई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर मौसम की यही स्थिति रहेगी। इस बीच, प्रदेश के कई जिलों में कल रात से ही रुक रुक कर मध्यम से तेज वर्षा का क्रम जारी है।

**********

प्रयागराज के मेजा ब्लॉक के बेदौली गांव में मिट्टी के लिए खोदे गये गढ्ढों के पानी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। यह सभी बच्चे खेलने गए थे और कल से ही गायब थे। आज इन सभी बच्चों के शव बरामद हुए।

**********